312, भारत संचार भवन, हरीश चन्द्र माथुर लेन,
जनपथ, नई दिल्ली - 110001
312, Bharat Sanchar Bhawan, H.C. Mathur Lane,
Janpath, New Delhi-110 001
दूरभाष कार्यालय/Ph.: +91-11-2373 4070
फैक्स/Fax : +91-11-2373 4072
ई-मेल/E-mail : dirhrd@bsnl.co.in

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LTD.
(A Government of India Enterprises)

सुजाता तपन रे
निदेशक (एच.आर.)
Sujata T. Ray
Director (HR)

3-3-2017

सन्देश

पिछले माह हमारे यूनियनों और एसोशिएशनों ने वर्तमान वित्त वर्ष की शेष अवधि में हर दिन एक अतिरिक्त एक घंटे कार्य करने के लिए सभी का आव्हान किया था । इस बात से अभिभूत होकर मैंने तुरंत ही 09.02.2017 को एक संदेश के माध्यम से अपनी बात आप तक पहुचाई थी । यह संदेश अँग्रेजी में था । साथ ही, अब जबकि इस वर्ष को समाप्त होने में करीब - करीब एक माह शेष है, यूनियनों और एसोशिएशनों की इस अभूतपूर्व पहल में एक बार पुनः आपसे उन्मुख होकर अपनी भावनाएं व्यक्त करने की आवश्यकता महसूस हुई । मुझे बार बार यह कहने में गर्व होता है कि हमारी यूनियनों और एसोशिएशनों ने स्वेच्छा से 31.03.2017 तक "अतिरिक्त एक घंटे" कार्य करने की जो ज़िम्मेवारी ली है, वह शायद ही अन्यत्र देखने मिले । कर्मचारियों द्वारा **"अतिरिक्त एक घंटे"** काम करने की पहल अर्थात अपनी कंपनी को **"अधिक से अधिक"** या **"थोड़ा सा और ज्यादा"** देने की भावना, हमारी कंपनी की चारित्रिक उत्कृष्टता का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है । मुझे यकीन है कि जब आप अपने कीमती समय का त्याग संगठन के लिए देते है, तो यह कभी व्यर्थ नहीं जा सकता।

2. अतीत में भी हमारे यूनियनों और एसोशिएशनों ने, विशेष रूप से मुश्किल समय में आगे आ कर कई जटिल मुद्दों पर अपना बहुमूल्य योगदान दिया है । हमारी कंपनी का यही चारित्रिक आधार हमारी अप्रत्यक्ष शक्ति है, जो विपरीत परिस्थितियों में अतिरिक्त प्रयास के रूप मे बार बार सामने आती है । प्रबंधन का हमेशा यह प्रयास रहता है कि सभी महत्वपूर्ण मसलों पर हमारी यूनियनों और एसोशिएशनों को शामिल कर उनके बहुमूल्य सुझावों पर भी विचार किया जाए ।

3. साथ ही इस पहल ने SWAS अभियान की सफलता को एक बार फिर से ताज़ा कर दिया है । SWAS का उद्देश्य हमारे सम्मानित ग्राहकों को उनकी आवश्यकताओ के अनुसार हमारी सेवाओं, उत्पादों और कर्मचारियों के बारे में उनको आश्वस्त करना था । इसके पहले हर स्तर पर पूरे देश में इस तरह के उत्साह और टीम भावना का अनुभव हमने कभी नहीं किया था - यह अभूतपूर्व है, अद्वितीय है । जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ तो हमारी कंपनी के पुनरुद्धार की प्रक्रिया में SWAS को सबसे महत्वपूर्ण कारकों मे से एक पाती हूँ। मैं गर्व से कह सकती हूँ कि इस वृहत पैमाने पर इसका समानांतर कहीं नहीं मिलेगा ।

4. SWAS की ही तरह यह एक नई तरह की गतिविधि है और काम करने का नया तरीका है जो हमारी कंपनी में गुणवत्ता सुधार और संस्कृति के विकास का नया जरिया बनेगा । यह पहल महसूस कराती है कि हम स्वयंसेवकों के दल का का नेतृत्व कर रहे हैं, न कि वेतन भोगी कर्मचारियों का । मुझे विश्वास है कि सभी मुख्य महाप्रबंधकों को जिनसे हमें इस वर्ष बहुत अपेक्षायें है, व इस पहल से काफी राहत मिली होगी । मेरा विनम्र आग्रह है कि सभी आपस में परस्पर सहयोग की भावना से किसी भी तरह के मतभेदों को भुलाकर अपने सम्माननीय ग्राहकों को बेहतर सेवा दें और अपनी कंपनी के बेहतर भविष्य के लिये काम करें ।

5. प्रबंधन की ओर से मेरी आप सभी को इस अद्भुत प्रयास की सफलता के लिए बहुत बहुत शुभकामनायें ।

सुजाता रे
(सुजाता टी रे)